पहली भूमिगत मेट्रो के स्टेशनों का काम तेज

■ **मुंबई,** नवभारत न्यूज नेटवर्क. कुलाबा-बांद्रा-सीप्ज तक मुंबई मेट्रो-3 परियोजना के तहत मुंबई की पहली अंडरग्राउंड मेट्रो स्टेशनों का काम तेजी से चल रहा है. कोरोना की दूसरी लहर थमने के बाद मेट्रो 3 के काम में काफी तेजी आई है. मेट्रो 3 का टनेल वर्क लगभग पूरा हो गया है. कफ परेड से सीएसएमटी तक का लगभग 96 प्रतिशत भूमिगत कार्य पूरा कर लिया गया है. बताया गया है कि पैकेज एक के तहत कफ परेड से सीएसएमटी तक लगभग 2.9 किमी तक का अंडरग्राउंड डाउन लाइन का काम पूरा हो गया है. सूर्या-2 नामक टनल बोरिंग मशीन की मदद से ऐतिहासिक सीएसएमटी और समुद्र के नजदीक अन्य इमारतों के सामने अंडरग्राउंड वर्क पूरा करने के बाद स्टेशनों के काम शुरू है. मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के अनुसार सभी अंडरग्राउंड मेट्रो स्टेशनों का काम शुरू है.

95% टनेल वर्क मेट्रो 3 का पूरा

सीप्ज स्टेशन का 85 प्रतिशत हुआ काम

बताया गया है कि एमआईडीसी व सीप्ज जैसे स्टेशनों का काम 83 से 85 प्रतिशत तक हो गया है. बताया गया है कि हुतात्मा चौक-सीएसएमटी स्टेशन के काम की शुरुआत हो गई है. प्लेटफार्म का लगभग 75 प्रतिशत और कॉनकोर्स लेवल अथार्थ टिकट घर के साथ स्टेशन के छत का काम भी लगभग 92 प्रतिशत हो गया है. सभी अंडरग्राउंड स्टेशन के फिलिंग का काम हो गया है. इस तरह स्टेशन से संबंधित अन्य कार्य भी 75 प्रतिशत तक हो गए हैं.

स्टेशनवार कार्य की प्रगति

अंडरग्राउंड टनेल का काम होने के बाद स्टेशनों के काम पर ध्यान दिया गया है. सीप्ज 83 प्रतिशत, मरोल नाका 83, सहार 77, सांताक्रुज 77, बीकेसी 72, शीतलादेवी 67, सिद्धिविनायक 80, वरली 77, महालक्ष्मी 77, ग्रांट रोड 40, गिरगांव 29, सीएसएमटी 76, कफपरेड 82, विधानभवन 84, चर्चगेट 81, हुतात्मा चौक 81, कालबादेवी 30, मुंबई सेंट्रल 79, सायंस म्यूजियम 46, आचार्य अत्रे चौक 46, दादर 71, धारावी 74, विद्यानगरी 74, नेशनल एयरपोर्ट 77 एवं एमआईडीसी स्टेशन का 85 प्रतिशत काम हो गया है.

2 चरणों में खोलने का लक्ष्य

मुंबई की पहली अंडर ग्राउंड मेट्रो को दो चरणों में शुरू किए जाने की योजना है. आरे कॉलोनी से बीकेसी तक पहले चरण को दिसंबर 2022 तक शुरू करने का लक्ष्य है, जबकि बीकेसी से कफ परेड तक वर्ष 2023 में खोले जाने का लक्ष्य है. कोरोना व निधि आदि कारणों के चलते परियोजना में देरी हुई है. अब तक कारशेड का काम न शुरू हो पाने से भी मेट्रो 3 परियोजना में देरी की संभावना जताई जा रही है.

ऐसी होगी मेट्रो-3

- कोलाबा-बांद्रा-सीप्ज तक लगभग 33 .50 किमी लंबी मुंबई की यह पहली अंडर ग्राउंड मेट्रो है.
- इस मेट्रो मार्ग पर कुल 27 स्टेशन हैं, इनमें 26 स्टेशन अंडर ग्राउंड और 1 स्टेशन जमीन के ऊपर होगा.
- इस मेट्रो परियोजना की लागत बढ़कर लगभग 33,406 करोड़ हो गई है.
- यह मेट्रो लाइन वेस्टर्न को सेंट्रल लाइन से सीधे जोड़ेगी.